S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली - 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

पत्रांकः रू.वि./प.नि.का./2025/2037-41
दिनांकः 23.04.2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली

महोदय/महोदया,

एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित स्नातक प्रथम, तृतीय एंव पंचम सेमेस्टर के सह-पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषयों की परीक्षा MCQ आधारित प्रश्नों एवं OMR के माध्यम से सम्पादित करायी गयी थी जिसका मूल्यांकन भी OMR Scanning के द्वारा कराते हुये परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम के परीक्षणोंपरान्त यह संज्ञान में आया है कि स्नातक के उक्त प्रश्नपत्र में कतिपय प्रश्नों के पाठ्यक्रम से इतर होने के कारण उक्त प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या सामान्य से अधिक है, उक्त के दृष्टिगत छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुये सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था जिसकी संस्तुति के आधार पर सक्षम स्तर से यह निर्णय लिया गया कि स्नातक प्रथम, तृतीय एंव पंचम सेमेस्टर के सह-पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषय के प्रश्न पत्र में समस्त छात्र/छात्राओं को 10 अतिरिकत अंक प्रदान करते हुये सम्बन्धित छात्रों का परीक्षाफल संशोधित कराया जा रहा है। छात्र दिनांक 26.04.2025 से ऑनलाईन संशोधित अंकतालिका डाउनलोड कर सकेगें।

यह व्यवस्था एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित सत्र 2024-25 के स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के सह-पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषयों के OMR based प्रश्नपत्रों के लिये ही अनुमन्य है, भविष्य हेतु इसे उदाहरण नहीं माना जायेगा।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मीडिया प्रभारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
2. उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
3. निजी सचिव कुलपति को मा. कुलपति महोदय के आदेशों के अनुपालन में सादर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

परीक्षा नियंत्रक